दिन– रविवार

दिनांक– 06/07/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बीच चुनाव आयोग ने मतदाताओं को दी बड़ी राहत। मतदाता अब कागजात के बगैर भी गणना प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं।

02. केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार में डोमिसाईल नीति का समर्थन किया।

03. पटना के चर्चित व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी। बेउर जेल के तीन कक्षपाल को कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित किया गया।

04. और, आज मुहर्रम के दसवें दिन राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया जुलूस निकाला जा रहा है।

---

विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर छिड़े सियासी घमासान के बीच चुनाव आयोग ने मतदाताओं को बड़ी राहत दी है। मतदाता अब कागजात के बगैर भी गणना प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं। मुख्य निर्वाचक अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि जिन वोटर के पास दस्तावेज नहीं है वे फिलहाल केवल गणना फॉर्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें। हालांकि निर्वाचन आयोग ने दस्तावेज धारक मतदाताओं को ग्यारह डॉक्यूमेंट में से कोई एक बीएलओ के पास जमा करने को कहा है। लोग ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन भी गणना पत्र जमा कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि जिन लोगों के नाम वर्ष दो हजार तीन विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जारी मतदाता सूची में शामिल है। उन्हें कोई दस्तावेज जमा नहीं करना है। मतदाता छब्बीस जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी माध्यम से गणना फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं।

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में अब तक एक करोड़ उनहत्तर लाख गणना प्रपत्र जमा हुए हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है

कि एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र बांटने का काम लगभग पूरा हो चुका है। आयोग ने लोगो से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की हैं।

---

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार में सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह राज्य के युवाओं के हित में होगा। श्री पासवान ने आज छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।

———बाइट———

लोजपा अध्यक्ष ने कहा कि वे बिहार को विकसित बनाने में योगदान देने के लिए बिहार विधान सभा का चुनाव लड़ेंगे।

———बाइट———

श्री पासवान ने कहा कि बिहार में हाल के दिनों में विधि व्यवस्था को लेकर चिंताजनक स्थिति उत्पन्न हुई है। राज्य के एक बडे व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या पर उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सुशासन पर सवाल उठाती है।

———बाइट———

---

प्रसिद्ध व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के मामले में पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि गोपाल खेमका हत्याकांड की जांच के लिए गठित एसआईटी ने पटना और आसपास के जिलों में दस से अधिक जगहों पर छापेमारी की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपाल खेमका की हत्या के मामले में शामिल अपराधियों की तत्काल पहचान कर उनपर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कहा कि गोपाल खेमका की हत्या में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

———बाइट———

इधर, कांग्रेस ने एनडीए पर बिहार को क्राइम कैपिटल बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि राज्य मे एनडीए की सरकार अपराध रोकने के मामले में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

गोपाल खेमका हत्याकांड मामले पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आज राज्य में अपराधियों में डर और भय खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा कोई दिन नहीं जब गोलियां नहीं चलती है। श्री यादव ने कहा कि अपराधियों के डर से राज्य के व्यापारी बिहार छोड़कर जाना चाहते हैं।

---बाइट---

इधर, तेजस्वी यादव के बयान पर पलटबार करते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी ने कहा कि उन्नीस सौ नब्बे–इक्यानवें में लालू यादव के शासनकाल में अधिकांश व्यापारी पटना, जमशेदपुर और राँची छोड़ चुके थे। हमने उनके पुनर्वास की व्यवस्था की।

---बाइट---

---

गोपाल खेमका हत्या मामले में बेउर जेल में की गई छापेमारी के बाद जेल प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए तीन कक्षपाल अंतोष कुमार सिंह, आशीष कुमार और ओमप्रकाश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही जेल उपाधीक्षक अजय कुमार, सहायक अधीक्षक नीरज कुमार रजक और दफ़ा इंचार्ज गिरीश यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। केंद्रीय कारा बेऊर जेल के अधीक्षक नीरज कुमार झा ने इसकी पुष्टि की है।

---

इधर, प्रसिद्ध व्यवसायी गोपाल खेमका का अंतिम संस्कार आज पटना के गुलबी घाट पर संपन्न हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उद्यम और व्यवसायी वर्ग के लोग शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित थे।

---

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और अन्य नेताओं ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की एक सौ पच्चीसवीं जयंती पर आज उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय भाषाओं के महत्व की वकालत करने में डॉक्टर मुखर्जी के योगदान की सराहना की।

इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो कश्मीर भारत का अभिन्न अंग नहीं होता।

–––बाइट–––

आज का दिन एक रूप से बहुत महत्वपूर्ण दिन है। 1901 में आज के दिन ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था। देश की जनता श्यामा प्रसाद जी को कश्मीर के साथ जोड़ कर देख रही है। वो ही एक नेता था जिसने देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं चलेंगे नारे के साथ अपने स्वयं का बलिदान कश्मीर के लिए देने का काम किया।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल समस्तीपुर जिले के कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन पर लगभग सत्रह करोड़ तीस लाख रूपये की लागत से बनने वाली रेल विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सोनपुर रेलमंडल वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रौशन कुमार ने बताया कि रेलमंत्री तीन करोड़ तीस लाख की लागत से कर्पूरी ग्राम रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य और समपार फाटक संख्या उनसठ पर करीब चौदह करोड़ की लागत से बनने वाले भूमिगत मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर सहित रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

---

राजधानी पटना के महत्वपूर्ण राजेन्द्र पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य के लिए बीस करोड़ ग्यारह लाख नौ हजार रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, दरभंगा में ननौरा–मोहम्मदपुर पथ के चौड़ीकरण के लिए पच्चीस करोड़ पचपन लाख रुपये की योजना को भी स्वीकृति दी गई है। इसके तहत

लगभग सात किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इससे आम लोगों को यातायात में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी।

---

मुहर्रम की आज दसवीं तारीख है। हजरत इमाम हुसैन और बहत्तर साथियों की शहादत की याद में यौम–ए–आशूरा मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया और मातमी जुलूस का आयोजन किया गया है। मुहर्रम को लेकर प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गई हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी थानों को जुलूस मार्ग पर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुहर्रम के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि हजरत इमाम हुसैन का बलिदान धर्म के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत लोगों को विपरीत परिस्थितियों में भी सच्चाई का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित करती है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है मुहर्रम हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए जीवन के उच्च आदर्शो और मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में हजरत इमाम हुसैन और करबला के अन्य शहीदों की कुर्बानियों को नमन किया है। श्री कुमार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये लोगों से शहीदों के आदर्शों को अपनाने की अपील की है।

---

पटना के गांधी मैदान में आज सनातन महाकुंभ का आयोजन किया गया। महाकुंभ में जगतगुरू श्री सरूपानंद सरस्वती जी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के साथ देशभर के साधु–संत भी शामिल हुए। इस महाकुंभ का नेतृत्व पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चौबे ने किया।

---

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गई। वहीं, प्रदेश के शेष भाग में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसके प्रभाव से बारह जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार सात जुलाई को राज्य के दक्षिण और उत्तर–पूर्वी भागों के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है।

–––बाइट–––

---

01. विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बीच चुनाव आयोग ने मतदाताओं को दी बड़ी राहत। मतदाता अब कागजात के बगैर भी गणना प्रमाण पत्र जमा करा सकते हैं।
02. केन्द्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार में डोमिसाईल नीति का समर्थन किया।
03. पटना के चर्चित व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी। बेउर जेल के तीन कक्षपाल को कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित किया गया।
04. और, आज मुहर्रम के दसवें दिन राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया जुलूस निकाला जा रहा है।

---

समाप्त